Seventeenth Loksabha

an>

Title: Regarding constriction of Railway overbridge and Underbridge at level crossing in Sitapur Parliamentary Constituency.

श्री अशोक कुमार रावत (मिश्रिख): मेरे संसदीय क्षेत्र मिश्रिख (उ0प्र0) के जनपद कानपुर नगर के अंतर्गत बिल्हौर रेलवे स्टेशन की रेलवे क्रॉसिंग (पूर्वी) संख्या 64-बी ककवन रोड राज्य मार्ग पर स्थित है। इस रेलवे क्रॉसिंग से कई जनपदों के लिए छोटे-बड़े वाहनों का बड़ी संख्या में आवागमन होता है और यहां पर मालगाड़ी भी काफी देरी तक खड़ी रहने के कारण क्रॉसिंग अधिकतर बंद ही रहती है तथा यातायात की अधिकता की वजह से इस मार्ग से मात्र 150 मीटर की दूरी पर जी.टी. रोड पर भी यातायात पूरी तरह से अवरूद्ध हो जाता है, जिस कारण लोगों को बड़ी परेशानी का सामना करना पड़ता है। अत: उपरोक्त रेलवे क्रॉसिंग पर यातायात से निजात दिलाने के लिए एक रेलवे ओवर ब्रिज का निर्माण करवाए जाने की आवश्यकता है।

दूसरे, बिल्हौर रेलवे स्टेशन पर ही रेलवे क्रॉसिंग (पश्चिमी) संख्या 67-सी है, जिस पर 64-बी जैसी ही स्थिति बनी रहती है। इसको देखते हुए यहां पर अंडरपास बनाए जाने की आवश्यकता है, जिससे आम जनमानस को यातायात अवरूद्ध से निजात मिलेगी।

अत: मेरा अनुरोध है कि बिल्हौर रेलवे स्टेशन पर स्थित रेलवे क्रॉसिंग (पूर्वी) संख्या 64-बी पर रेलवे ओवर ब्रिज और रेलवे क्रॉसिंग (पश्चिमी) संख्या 67-सी पर अंडरपास बनाए जाने हेतु रेल मंत्रालय को निर्देशित किया जाए।